दिन– शुक्रवार दिनांक– 13/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागर विमानन पर दिल्ली घोषणा–पत्र को अपनाने की घोषणा की।

02. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– प्रदेश के लगभग इक्यावन लाख बुजुर्गों को आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लाभ मिलेगा।

03. प्रदेश में वाहन चालकों को जाम समेत अन्य जानकारी रियल टाइम पर मिल सकेगी। एक अक्टूबर से एप पर उपलब्ध होगी सुविधा।

04. और, पटना की माही श्वेत राज ने राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतकर हैट्रिक बनायी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागर विमानन पर दिल्ली घोषणा–पत्र को अपनाने की घोषणा की है। यह घोषणा–पत्र कल नई दिल्ली में दूसरे एशिया–प्रशांत मंत्रीस्तरीय सम्मेलन के समापन पर एकमत से अपनाया गया है। यह घोषणा–पत्र एशिया–प्रशांत क्षेत्र के नागर विमानन क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग, उभरती चुनौतियों से निपटने और सतत विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित एक व्यापक रूपरेखा है। इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस दशक की समाप्ति तक भारत एक अग्रणी विमानन केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत विश्व के अत्यधिक संपर्क वाले क्षेत्रों में से एक होगा।

–––बाईट–––

श्री मोदी ने कहा कि भारत में नागर विमानन क्षेत्र का विकास अभूतपूर्व तरीके से हो रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों और नगरों में रहने वाले निम्न मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग के लोग भी हवाई यात्रा कर रहे हैं जबकि पहले ज्यादातर बडे शहरों के लोग हवाई यात्रा करते थे।

–––बाईट–––

---

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आने वाले सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों

ने बताया कि आधार कार्ड के अनुसार सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु वाले व्यक्ति योजना में आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। यह योजना एक सप्ताह के भीतर शुरू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन हजार चार सौ सैंतीस करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना के तहत किसी भी आय वर्ग में शामिल सत्तर वर्ष और अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दी है। इसमें देश के लगभग साढे चार करोड़ परिवार शामिल होंगे और लगभग छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक लाभ ले सकेंगे। वहीं, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि प्रदेश के लगभग इक्यावन लाख बुजुर्गों को इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में अस्सी वर्ष के अधिक उम्र के चौदह लाख पचास हजार बुजुर्ग हैं।

———————————————————

प्रदेश में यात्रा के दौरान लोगों को जल–जमाव, गड्ढों और जाम समेत अन्य जानकारी रियल टाइम पर मिल सकेगी। इसके लिए बिहार पुलिस ने मैप माई इंडिया के साथ समझौता किया है। यातायात के अपर पुलिस महानिदेशक सुधांशु कुमार ने बताया कि यह व्यवस्था एक अक्टूबर से शुरू होगी। इसके लिए एक एप जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से लोग यात्रा के दौरान मार्ग में मिलने वाले अस्पताल, रेस्तरां, पेट्रोल पंप, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थल और पार्किंग क्षेत्र समेत अन्य आवश्यक सूचनाएं प्राप्त कर सकेंगे।

———————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा है कि रैयतों को जमीन के कागजात लेने के लिए निबंधन कार्यालय का चक्कर लगाने की कोई जरूरत नहीं है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि लोग जमीन संबंधी अपने दस्तावेज विभाग के डिजिटल प्लेटफार्म से ऑनलाईन डाउनलोड कर सकते हैं। इस प्लेटफार्म पर पन्द्रह करोड़ दस्तावेज अपलोड हैं।

———बाईट———

इधर, जमीन सर्वे संबंधित दस्तावेजों के कैथी लिपि में होने के कारण आ रही परेशानियों से निपटने के लिए राज्य सरकार ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। पश्चिम चम्पारण जिले के बंदोबस्त कार्यालय में सत्रह से उन्नीस सितम्बर के बीच प्रशिक्षण दिया जाएगा। बंदोबस्त कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि पहले

दिन मिथिला, दूसरे दिन मगध और तीसरे दिन भोजपुरी प्रक्षेत्र के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

---

केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह आज विशेष स्वच्छता अभियान प्वाईंट फोर की प्रगति की निगरानी करने के लिए एक समर्पित ऑन लाइन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। इस विशेष अभियान का उद्देश्य परिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों में स्वच्छता को लागू करना है। सरकार ने दो से इकतीस अक्टूबर तक स्वच्छता को लागू करने और अनिर्णय की स्थिति को कम करने के लिए प्रत्येक वर्ष विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस विशेष अभियान प्वाईंट फोर से पहले सोलह से तीस सितंबर तक इस अभियान का प्रारंभिक चरण शुरू किया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में विश्वेश्वरैया भवन का जीर्णोद्धार और पुनर्विकास कार्य के तहत जी प्लस–सेवन भवन का उद्‌घाटन करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा भवन निर्माण मंत्री जयंत राज समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

---

राज्य के शहरी निकायों को विकास कार्यों के आठ सौ छब्बीस करोड़ रूपये से अधिक का अनुदान उपलब्ध कराया गया है। पंद्रहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के बाद चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी किस्त के रूप में राज्य को यह राशि मिली है। यह राशि स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पेयजल और वर्षा जल संचयन पर खर्च होगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंद्रह सितम्बर को भागलपुर–हावड़ा वंदे भारत रेलगाड़ी की शुरूआत करेंगे। इस ट्रेन का आज ट्रायल रन किया जाएगा। यह ट्रेन भागलपुर से दुमका और रामपुरहाट होते हुए हावड़ा जायेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षण के दौरान इस रेलगाड़ी में मालदा रेल मंडल के डीआरएम मनीष कुमार के साथ अन्य रेल अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की सम्भावना है। विभाग के अनुसार आज नवादा, गया, जमुई, बांका, मुंगेर और लखीसराय जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

–––बाईट–––

---

प्रदेश में डेंगू के नए मामले लगातार मिल रहे हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इक्यासी नये मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक चौंतीस नये मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार चार सौ सात मामले सामने आ चुके हैं। नालंदा मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. बिनोद कुमार ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में तेरह मरीजों का इलाज चल रहा है।

---

पटना की माही श्वेत राज ने राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतकर हैट्रिक बना ली है। कर्नाटक के मंगलौर में चल रही प्रतियोगिता में माही ने पचास मीटर फ्रीस्टाई वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। गौरतलब है कि माही इसी प्रतियोगिता के पचास मीटर बटरफ्लाई और सौ मीटर फ्रीस्टाईल में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

---

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत आज राजधानी पटना के गांधी मैदान में प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी इस मेले का उद्घाटन करेंगे। मेला पंद्रह सितम्बर तक चलेगा। इस मेले में अठारह परंपरागत कलाकारों के कला की प्रदर्शनी और उनके सामानों की बिक्री की जाएगी। इसे मेले का आयोजन एमएसएमई विकास कार्यालय कर रहा है। इधर, जहानाबाद जिले के काको में पयर्टन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से सूफी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी आज शाम इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगे।

---

अररिया जिले के महलगांव थाना क्षेत्र के मटियारी में बंद पड़ी एक बर्फ फैक्ट्री से पुलिस ने लगभग एक सौ छियानवे किलो गांजा के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामपुकार सिंह ने बताया कि गांजे का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रूपये है।

---

स्मार्ट मीटर और बिजली बिल को लेकर आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए साउथ बिहार पावर ड्रिस्ट्रीब्यूशन कंपनी दक्षिण बिहार के सभी अंचलों में कल विशेष शिविर का आयोजन करेगी। यह शिविर विद्युत कार्यपालक अभियंता की देख–रेख में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा।

---

रेलवे ने त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए दानापुर से रानीकमलापति और जबलपुर तथा गोंदिया से पटना और दरभंगा के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

---

राजधानी पटना में पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लैपटॉप, छह मोबाईल फोन और एटीएम कार्ड बरामद की गयी है।

---

वहीं, पटना पुलिस ने जीरो माईल के पास से एक वाहन से साढ़े सत्रह लाख रूपये के विदेशी सौंदर्य प्रसाधन सामानों को जब्त किया है।

---

शेखपुरा जिले में पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास के साथ दस हजार रूपए जुर्माना की सजा सुनाई है।

---

अरवल जिले में पुलिस ने भाकपा माले नेता सुनील चंद्रवंशी की हत्या के आरोप में एक नक्सली सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य में आरक्षी अधीक्षक के तबादले की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने फेरबदल शीर्षक से लिखा है – पंद्रह जिलों में नए एसपी। राज्य के उनतीस आईपीएस को नई जिम्मेदारी।

**दैनिक जागरण** लिखता है – पटना के तीनों सीटी एसपी और ग्रामीण एसपी का तबादला।

**दैनिक भास्कर** ने ईडी की कार्रवाई को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– संजीव हंस और गुलाब यादव के करीबिओं के ठिकानों से नब्बे लाख कैश और तेरह किलोग्राम चांदी जब्त।

**प्रभात खबर** ने पीएम ई–ड्राइव योजना को बड़ी खबर बनाया है। अखबार का शीर्षक है – इलेक्ट्रिक दो पहिया खरीदार को पहले साल मिलेगी दस हजार रूपये तक की सब्सिडी।

**आज अखबार** की सुर्खी है – नवदीप की इच्छा पूरी करने के लिए जमीन पर बैठे मोदी।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – सीजेआई के घर गणपति पूजा में पहुंचे मोदी, बिफरा विपक्ष।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागर विमानन पर दिल्ली घोषणा–पत्र को अपनाने की घोषणा की।

02. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– प्रदेश के लगभग इक्यावन लाख बुजुर्गों को आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लाभ मिलेगा।

03. प्रदेश में वाहन चालकों को जाम समेत अन्य जानकारी रियल टाइम पर मिल सकेगी। एक अक्टूबर से एप पर उपलब्ध होगी सुविधा।

04. और, पटना की माही श्वेत राज ने राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतकर हैट्रिक बनायी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।